


कोच द्रविड़ ने मैच रेफरी श्रीनाथ के की मुलाकात

जब मैदान पर ये सब चल रहा था और मामला गंभीर हो गया। बार बार अश्विन को अंपायर नितिन रोक रहे थे। यह सब देखते हुए कोच द्रविड़ ने सीधा जाकर मैच रेफरी जवगल श्रीनाथ से जाकर मुलाकात की। रेफरी से बात करने के बाद जब वह वापस लौट रहे थे वो खुश थे। इसके बाद अंपायर और अश्विन के बीच कोई बात नहीं हुई। कप्तान रहाणे भी बहस के बीच में आए पर अंपायर नहीं माने। अंपायर का कहना था कि अगर उनके सामने वह आएंगे तो फैसला देने में उनको मुश्किल होगी।

## बार-बार टोकने पर अंपायर से उलझे आर अश्विन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को मैदान पर उनके साथ होने वाले विवादों की वजह से जाना जाता है। कानपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे दो मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भी एक विवाद उनके साथ जुड़ गया। मैच के तीसरे दिन वह अंपायर के साथ उलझ गए वो भी एक बार नहीं बल्कि कई बार। कप्तान अजिंक्य रहाणे की कोशिश के बाद जब मामला नहीं सुलझा तो कोच राहुल द्रविड़ को बीच में आना पड़ा। भारतीय टीम के स्पिनर अश्विन मैच के तीसरे दिन बार-बार अपनी गेंदबाजी की वजह से अंपायर नितिन मेनन को परेशान करते नजर आए। दरअसल अश्विन गेंदबाजी खत्म करने के बाद जब उनके सामने से निकल कहे थे तो नितिन के परेशानी हो रही थी। वहीं सामने से गुजरने की वजह से वह गेंद को सही से देख नहीं पा रहे थे और किसी तरह की अपील होने पर फैसला देने में सक्षम नहीं थे। अश्विन ने तीसरे दिन जब गेंदबाजी शुरू की तो फोला थ्रू में वह डेंजर एरिया के करीब पहुंच रहे थे।

## न्यूज डायरी :



### 2 हफ्ते पहले हसन अली को पड़ रही थी गालियां, रेड कार्पेट पर हुआ स्वागत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी की है। दो सप्ताह पहले टी20 वर्ल्ड कप 2021 किन इस पेसर ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 5 विकेट लेकर फॉर्म में वापसी कर ली है। हसन अली ने चटग्राम के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में बांग्लादेश के लोअर ऑर्डर को क्रीज पर टिकने नहीं दिया। हसन की धारदार गेंदबाजी के दम पर मेजबान बांग्लादेश टीम पहली पारी में 330 रन बना सकी। 27 वर्षीय हसन ने 20.4 ओवर की गेंदबाजी में 51 रन देकर 5 विकेट चटकाए। हसन का इस वर्ष (2021) टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में यह पांचवीं 5 विकेट हॉल है। इससे पहले उन्होंने इस साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 बार जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भी 2 बार पांच विकेट हॉल अपने नाम किया था। हसन अली ने इस दौरान हमवतन पूर्व कप्तान इमरान खान और वकार यूनिस के एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक बार 5 विकेट हॉल के रिकॉर्ड की भी बराबरी की।

### श्रेयस अय्यर को अपने साथ जोड़ने को बेताब है यह फ्रेंचाइजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 के लिए होने वाले मेगा आक्शन से पहले इंडियन प्रीमियर लीग की आठों फ्रेंचाइजी को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की परमिशन दी गई है। इस कड़ी में दिल्ली कैपिटल्स ने अपने द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की जिसमें इस टीम के बल्लेबाज व पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर का नाम शामिल नहीं था। दिल्ली ने अगले सीजन के लिए रिषभ पंत, पृथ्वी शा, अक्षर पटेल व एनरिच नार्तजे को रिटेन किया है और इस फ्रेंचाइजी ने शिखर धवन व श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। श्रेयस अय्यर दिल्ली के साथ साल 2015 में जुड़े थे और 7 सीजन तक इस टीम का हिस्सा रहे। अब दिल्ली ने श्रेयस अय्यर को रीलिज कर दिया है ऐसे में वो आइपीएल 2022 के लिए होने वाले मेगा आक्शन में शामिल होंगे। इसमें कोई शक नहीं है कि श्रेयस जैसे खिलाड़ी को अपनी टीम में शामिल करने के लिए हर टीम बेताब होगी।

### दोस्ती की खातिर ले लिया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज जिसके नाम भारत की तरफ से तीनों फार्मेट में शतक जमाने का रिकार्ड है। टी20 विश्व कप में जिस खिलाड़ी ने शतकीय पारी खेलकर इतिहास रचा। जिसने दुनिया के सबसे पापुलर टी20 टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग में कई रिकार्ड बनाए। वो खिलाड़ी जिसे मिस्टर आइपीएल के नाम से जाना जाता है आज उनका जन्मदिन है। जी हां, हम बात कर रहे हैं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विस्फोटक मिडिल आर्डर बल्लेबाज सुरेश रैना की। 27 नवंबर को 35 साल के हुए इस धुरंधर ने अचानक ही अपने इंटरनेशनल क्रिकेट पर विराम लगाने की घोषणा कर सबको चौंकाया था। साल 1986 उत्तर प्रदेश के मुरादनगर में जन्में इस भारतीय बल्लेबाज ने तीनों फार्मेट में अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया।

### डेंजर एरिया, जिसमें घुसने वाले खिलाड़ियों को बैन कर दिया जाता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट में कई चीजें ऐसी होती हैं, हो जाती तो हैं, लेकिन दिखती नहीं हैं। डेंजर एरिया भी उन्हीं में से एक है। अक्सर आपने क्रिकेट मैच देखते वक्त कमेंट्री में इसका जिक्र सुना होगा। कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन इसी मसले को लेकर रवि अश्विन अंपायर नितिन मेनन तक से भिड़ गए। 22 गज की पट्टी के किस हिस्से को डेंजर एरिया कहा जाता है। क्यों कहा जाता है। अंपायर इसे महफूज क्यों रखना चाहते हैं। यहां जाने पर बोलर्स को क्यों वार्निंग मिलती है। पिच पर विकेट के ठीक सामने वाले हिस्से को डेंजर एरिया कहते हैं। बल्लेबाजी के लिए ये एरिया काफी अहम होता है। क्रीज की तरह इसे पेंट करके मार्क नहीं किया जाता।

# स्पिनर अक्षर पटेल के 'पंच' से सहमा न्यूजीलैंड खेमा

क्रिकेट

## 296 रनों पर ढेर, भारत ने ली 49 रनों की मजबूत बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल (62/5) और आर. अश्विन (82/3) की घातक बोलिंग के दम पर भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 142.3 ओवरों में 296 रनों पर ऑलआउट कर दिया। एक वक्त न्यूजीलैंड काफी मजबूत दिख रहा था और बिना विकेट गंवाए 151 रन बना लिए थे, लेकिन विल यंग (89) का विकेट गिरने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाए और टीम की वापसी करा दी। अक्षर और अश्विन के अलावा उमेश यादव, और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

दूसरी पारी में भारत का पहला विकेट शुभमन गिल के तौर पर सिर्फ दो रन के स्कोर पर गिर गया। गिल को काइल जैमीसन ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड कर दिया। भारत को मैच में लौटाने का श्रेय वैसे





उमेश यादव को जाता है जिन्होंने लंच से ठीक पहले केन विलियमसन को सस्ते में आउट करके मेजबान को राहत दिलाई थी। अक्षर ने 13 रन के भीतर रोस टेलर (11), हेनरी निकोल्स (दो) और टॉम लाथम (282 गेंद में 95 रन) को पवेलियन भेजा। रविंद्र जडेजा ने नये बल्लेबाज रचिन रविंद्र (13) को आउट किया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 241 रन हो गया जो एक विकेट पर 197 रन था। दूसरा सत्र भारत के नाम रहा जब भारतीय गेंदबाजों ने 52 रन के भीतर चार विकेट निकाले। उमेश ने दूसरी नयी गेंद से कामयाबी हासिल की और आफ स्टम्प पर जाती उनकी गेंद पर विलियमसन चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। उन्होंने 64 गेंदें खेलकर छह रन बनाये।

न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 68 रन जोड़े। सलामी बल्लेबाज विल यंग पहले टेस्ट शतक से चूक गए और 218 गेंद में 89 रन बनाने के बाद रविचंद्रन अश्विन का शिकार हुए। विलियमसन क्रीज पर आने के बाद से सहज नहीं दिखे। उन्होंने हालांकि रविंद्र जडेजा को दो चौके लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। अश्विन ने यंग को स्थानापन्न विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों लपकवाया। यंग और लाथम ने पहले विकेट के लिये 151 रन जोड़े। यंग ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 15 चौके लगाये। वहीं लाथम ने फ्रंटफुट पर शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। दूसरे छोर पर अक्षर ने शानदार गेंदबाजी की और बेहद खूबसूरत गेंद पर टेलर को आगे बढकर खेलने को मजबूर किया जिनका कैच विकेट के पीछे श्रीकर भरत ने लपका। निकोल्स स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए।

# कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ बदला भारत का विकेटकीपर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर में सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम को सुबह एक झटका लगा। विकेटकीपर रिद्धिमान साहा चोट की वजह से मैदान पर नहीं उतरे। मैच के दूसरे दिन भारत ने 345 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाए थे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के तीसरे दिन बड़ा झटका लगा। टीम के अनुभवी विकेटकीपर साहा मैदान पर फील्डिंग करने नहीं उतरे। जानकारी के मुताबिक उनको गर्दन में दर्द की शिकायत हुई थी जिसकी वजह से मैदान पर



नहीं उतर पाए। साहा को इस मैच में नियमित विकेटकीपर रिषभ पंत को आराम दिए जाने पर मौका मिला है। तीसरे दिन मैच में भारत के मैदान पर उतरने से पहले ही यह झटका लगा।

**बीसीसीआइ ने दिया अपडेटः** साहा के चोटिल होने की जानकारी बीसीसीआइ ने दी। बताया गया कि उनकी गर्दन में खिंचाव है और बीसीसीआइ की मेडिकल टीम इस पर नजर बनाए हुए है। साहा के सेहत की बेहतरी पर टीम अपना ध्यान बनाए हुए है। उनकी अनुपस्थिति में केएस भरत भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करेंगे।

**साहा की जगह भरतः** घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह बनाने वाले केएल एस भरत को बतौर रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर टीम मे रखा गया था। चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर के विकल्प के तौर पर उनको टीम में जगह दी थी। आइपीएल में भी भरत ने अपनी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग से सबका ध्यान खींचा था। साहा के चोटिल होने के बाद उनको न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में उतरने का मौका मिला।

## आईपीएल 2022 को लेकर पंजाब किंग्स ने लिया बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग 2022 की नीलामी से पहले किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं करने का फैसला किया है। इस बार 30 नवंबर तक सभी आठों फ्रेंचाइजी को अपने द्वारा रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी करनी है। ऐसे में सभी टीमें खिलाड़ियों को रिटेन करने को लेकर माथा-पच्ची कर रही है, लेकिन इस बार ऐसा लग रहा है कि पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम को पूरी तरह से बदलने का फैसला किया है। पंजाब किंग्स अगर किसी खिलाड़ी को रिटेन नहीं करती है तो इसका मतलब ये है कि ये टीम अपने पर्स में मौजूद पूरे 90 करोड़ की रकम के साथ अगले मेगा आक्शन में उतरेगी। इससे पहले ये खबर सामने आई थी कि पंजाब के लिए 2020 और 2021 में कप्तानी करने वाले केएल राहुल इस टीम के साथ अपना सफर आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। हालांकि प्रीति जिंटा की सह-स्वामित्व वाली ये टीम निश्चित तौर पर केएल राहुल को अपने बोर्ड में चाहती थी। केएल राहुल के अलावा पंजाब किसी अन्य खिलाड़ी को रिटेन नहीं करना चाहती थी।